विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार

दैनिक जागरण

दीय राजनीति का मजाक' 15 अमिताभ बच्चन को यश चोपड़ा मे

बिहार • झारखंड • प. बंगाल • उत्तर प्रदेश • दिल्ली • मध्य प्रदेश • हरियाणा • उत्तराखंड • पंजाब • जम्मू-कश्मीर

चार माह में चालू होगा पुल

बोले पूर्व मध्य रेलवे के जीएम मधुरेश कुमार, मुंगेर पुल के एप्रोच पथ में अड़चनें बाकी

- पुल का स्टील कार्य संपन्न, जीएम ने शिलापट्ट का पर्दा हटा किया अनावरण
- रेलवे के अधिकारियों से चर्चा कर जीएम पटना रवाना

जागरण संवाददाता, मुंगेर : मुंगेर में गंगा नदी पर बन रहे रेल सह सड़क पुल के गार्डर इरिक्शन यानि लोहे को जोड़ने का कार्य पूरा हो गया है। रेल परिचालन के लिए ट्रैक भी बिछा दिया गया है। पुल पर अब केवल सड़क निर्माण का कार्य बाकी है। शुक्रवार को मधुरेश कुमार ने रेल सह सड़क पुल के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। जीएम निरीक्षण करते हुए साहेबपुर कमाल से रेल ट्रॉली से मुंगेर की तरफ आए। यहां उन्होंने स्टील कार्य के संपन्न होने पर पुल पर लगे शिलापट्ट का पर्दा हटाकर उद्घाटन किया एवं पूजा-अर्चना की।

निरीक्षण के बाद जीएम ने कहा कि पुल के निर्माण में स्टील कार्य सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण होता है। इस पुल पर राशि को लेकर कुछ अड़चनें आई थीं जो समाप्त हो गई हैं। यद्यपि पुल के दोनों तरफ के एप्रोच पथ की समस्याएं अभी बरकरार हैं। अगर एप्रोच पथ की समस्या जल्द समाप्त हो गई तो अगले चार माह के अंदर पुल तैयार हो जाएगा और लोगों के लिए चालू हो जाएगा।

निरीक्षण के बाद डिप्टी चीफ इंजीनियर एके मिश्रा ने जीएम को रेल सह सड़क पुल का प्रतीक चिन्ह भेंट किया। इसके बाद जीएम व अन्य ■ शेष पृष्ठ 15 पर

शुक्रवार को मुंगेर में गंगा पुल में लगे शिलापट्ट का अनावरण करते जीएम। जागरण

प्रथम पृष्ठ का शेष

चार माह में चालू होगा पुल

अधिकारी मोटर बोट से साहेबपुर कमाल गए वहां अधिकारियों के साथ चर्चा करने के बाद देर शाम पटना रवाना हो गए। निरीक्षण के दौरान सीएओ सीएम झा, चीफ इंजीनियर, पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक ब्रिगेडियर बीडी पांडे, सीनियर एक्सईएन पीके आलोक, सीनियर डीएन जीतेंद्र कुमार, एलएम झा भी मौजूद थे।